प्र. निम्नलिखित भारतीय राज्यों में से किस राज्य की कोई समुद्र सीमा नहीं है?

(a) गुजरात (b) गोवा

(c) राजस्थान (d) महाराष्ट्र

उत्तर- (c) राजस्थान एक स्थल बद्ध राज्य है इस राज्य की सीमा समुद्र से नहीं मिलती है गुजरात, गोवा तथा महाराष्ट्र के पश्चिमी समुद्र तट पर स्थित प्रमुख बंदरगाह राज्य है

प्र. किसी नदी के प्रदूषण स्थल की माप की जाती है?

(a) ATP (b) STP

(c) BOD (d) WPL

उत्तर- (c) BOD से किसी नदी में जल के प्रदूषण स्तर को मापा जाता है

प्र. वायरस संक्रमण से होने वाला रोग है?

(a) टाइफाइड (b) कॉलरा

(c) जुकाम (d) मलेरिया

उत्तर- (c) जुकाम वायरस से होने वाला संक्रमण है जबकि टाइफाइड, कॉलरा तथा मलेरिया जल जनित रोग है जुकाम ऊपरी श्वसन तंत्र का आसानी से फैलने वाला संक्रामक रोग है

प्र. भारत में कृषि को प्रभावित करने वाला मौसम का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है?

(a) तापमान (b) आर्द्रता

(c) पवन (d) वृष्टि

उत्तर- (d) भारत में कृषि को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण तत्व वृष्टि है क्योंकि भारत उष्ण तथा समशीतोष्ण दो कटिबंध में स्थित है

प्र. वायुमंडल की सबसे ठंडी परत कौन सी है?

(a) तापमंडल (b) मध्यमंडल

(c) क्षोभमंडल (d) आयनमंडल

उत्तर- (b) वायुमंडल की सबसे ठंडी परत मध्यमंडल है क्योंकि मध्य मंडल तक वायुमंडल का तापमान गिरता है तथा मध्य मंडल के बाद

YouTube Tez सब्सक्राइब करे

वायुमंडल का तापमान बढ़ने लगता है मध्य मंडल के मध्य सीमा पर तापमान गिरकर 80°C तक पहुंच जाता है

प्र. निम्नलिखित में कौन सी एक ग्रीनहाउस गैस है?

(a) सल्फर डाइऑक्साइड (b) ऑक्सीजन

(c) ऑर्गन (d) मेथेन

उत्तर- (d) ग्रीनहाउस गैस वे गैसें हैं जो पृथ्वी के तापमान को बढ़ाने में सहायक होती है प्रमुख ग्रीन हाउस गैसें हैं- मेथेन, कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड तथा क्लोरोफ्लोरोकार्बन आदि

प्र. भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत हुई?

(a) 1973 (b) 1983

(c) 1992 (d) 1996

उत्तर- (a) बाघों की घटती संख्या को रोकने तथा बाघों के संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल 1973 को प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की गई इस प्रोजेक्ट की शुरुआत जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से की गई थी

Education
सब्सक्राइब करें

प्र. पृथ्वी तल पर उस काल्पनिक रेखा को क्या कहते हैं जो मिरिडियन याम्योत्तर पर खिंची है?

(a) अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा (b) कर्क रेखा

(c) विषुवत् रेखा (d) प्रधान याम्योत्तर रेखा

उत्तर- (a) पृथ्वी तल पर 180° मिरिडियन याम्योत्तर रेखा जो काल्पनिक रेखा है उसे अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा कहते हैं इस रेखा से पृथ्वी को पूर्वी एवं पश्चिमी देशांतर क्षेत्र में बांटा गया है

प्र. निम्नलिखित में से किस राज्य में गल्फ ऑफ मन्नार मैरीन राष्ट्रीय पार्क स्थित है?

(a) गुजरात (b) तमिल नाडु

(c) अंडमान द्वीप (d) पश्चिम बंगाल

उत्तर- (b) गल्फ ऑफ मन्नार में स्थित राष्ट्रीय पार्क भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित है

प्र. जनगणना 2011 के अनुसार भारत में लिंगानुपात है?

(a) 940: 1000 (b) 916: 1000

(c) 920: 1000 (d) 982: 1000

उत्तर- (a) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में स्त्री पुरुष लिंगानुपात 943: 1000 है

प्र. निम्नलिखित में से किस एक प्राणी को किसान का मित्र कहा जाता है?

(a) चींटी (b) केंचुआ

(c) मधुमक्खी (d) तितली

उत्तर- (b) केंचुआ को किसानों का मित्र कहा जाता है क्योंकि केंचुआ नीचे की मिट्टी को ऊपरी सतह तक लाने का कार्य करते हैं जिससे मिट्टी और अधिक उपजाऊ हो जाती है

प्र. पर्यावरण को बचाने के लिए चिपको आंदोलन से कौन सा राज्य जुड़ा हुआ है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) झारखंड

(c) उत्तराखंड (d) छत्तीसगढ़

उत्तर- (c) चिपको आंदोलन की शुरुआत वृक्षों के कटाव के विरुद्ध प्रसिद्ध पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा तथा चंडी प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में उत्तराखंड के चमोली जिले से की गई थी इस आंदोलन को वर्ष 1973 में प्रारंभ किया गया था

प्र. जीवों के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है?

(a) इटियोलॉजी (b) नियोलॉजी

(c) इथोलॉजी (d) डेमोलॉजी

उत्तर- (c) विज्ञान के इथोलॉजी विषय के अंतर्गत जीवों के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है नियोलॉजी विषय के अंतर्गत तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोगों का अध्ययन किया जाता है

प्र. समुद्री शैवाल किसका महत्वपूर्ण स्रोत है?

(a) क्लोरीन (b) ब्रोमीन

(c) आयोडीन (d) लोहा

उत्तर- (c) समुद्री शैवाल आयोडीन के प्रमुख स्रोत माने जाते हैं इसकी कमी से ग्वायटर (घेंघा) रोग हो जाता है जिसमें थायराइड ग्रंथि में सूजन आ जाती है

प्र. शैक (लाइकेन) है?

(a) परजीवी (b) रसायन स्वपोषी

(c) अपघटक (d) सहजीवी

उत्तर- (d) ऐसे जंतु/ पौधे साथ रहकर एक दूसरे को लाभ पहुंचाते हैं वे सहजीवी कहे जाते हैं राइबोसोम, शैक प्रमुख सहजीवी है

प्र. सी.एन.जी. का ईंधन के रूप में किसमें इस्तेमाल होता है?

(a) वाहनों में (b) उद्योगों में

(c) खाना बनाने में (d) वाहनों एवं उद्योगों में

उत्तर- (d) सी.एन.जी.का उपयोग वाहनों एवं उद्योगों में ईंधन के रूप में किया जाता है

प्र. पर्यावरण जागरूकता का किसके द्वारा सृजन किया जा सकता है?

(a) व्याख्यान (b) क्षेत्रीय भ्रमण

YouTube Education सब्सक्राइब करें

(c) समूह वार्तालाप (d) अध्ययन

उत्तर- (b) विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता का सृजन करने के लिए उनको क्षेत्रीय भ्रमण करना चाहिए जिसके तहत उनको वास्तविक पर्यावरण एवं मानव जीवन में उनकी उपयोगिता का ज्ञान होगा तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वे प्रोत्साहित होंगे

प्र. एल.पी.जी. किसका संक्षिप्त रूप है?

YouTube Tez

(a) लो पेड गेम्स (b) लोक पैसेन्जर गाड़ी

(c) लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (d) लोकल पैट्रोलियम गैस

उत्तर- (c) एल.पी.जी. (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) का प्रयोग घरेलू ईंधन के रूप में किया जाता है एल.पी.जी. के मुख्य अव्यय ब्यूटेन और प्रोपेन है

प्र. पृथ्वी पर पहुंचने से पहले ओजोन परत किन किरणों को अवशोषित करती है?

(a) गामा किरणें (b) एक्स किरणें

(c) पराबैंगनी किरणें (d) बीटा किरणें

उत्तर- (c) सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों को ओजोन परत द्वारा अवशोषित कर लिया जाता है जिससे ये किरणें पृथ्वी तक नहीं पहुंच पाती है ओजोन परत की सांद्रता डॉबसन इकाई द्वारा मापी जाती है

प्र. चमगादड़ स्तनधारी है क्योंकि वह-

(a) उड़ता है (b) रात्रिचर है

(c) शाकाहारी है (d) बच्चे देता है

उत्तर- (d) जीव वैज्ञानिकों ने चमगादड़ को स्तनधारी वर्ग में रखा है क्योंकि चमगादड़ बच्चों को जन्म देती है तथा उन्हें दूध पिलाती है चमगादड़ एक रात्रिचर प्राणी है

प्र. पर्यावरण की परिभाषा क्या है?

(a) एबायोटिक एवं बायोटिक घटक

(b) समुद्र तल के नीचे पृथ्वी पर वस्तुएं

(c) चीजें जो हमको घेरती हैं

(d) इनमें से कोई नहीं

YouTube Education सब्सक्राइब करें

उत्तर- (a) पर्यावरण अनेक तत्वों से मिलकर बना है जो व्यवस्थित समूह में होता है जिसमें सभी घटक (बायोटिक तथा एबायोटिक) प्रकृति में संतुलित रूप से रहते हैं

प्र. कृत्रिम वर्षा के लिए मेघबीजन के लिए प्रयुक्त रसायन है?

(a) सिल्वर नाइट्रेट
(b) पोटैशियम ब्रोमाइड
(c) सिल्वर आयोडाइड
(d) पोटेशियम नाइट्रेट

उत्तर- (c) सिल्वर आयोडाइड का प्रयोग कृत्रिम वर्षा कराने के लिए मेघ बीज के रूप में किया जाता है

प्र. बायोडीजल तैयार किया जाता है?

(a) यूट्रीकुलेरिया
(b) जैट्रोफा
(c) देवदार
(d) यूकेलिप्टस

उत्तर- (b) बायोडीजल का निर्माण जैट्रोफा, करकास, पोन्गोमिया आदि के पौधों से होता देश का पहला बायोडीजल संयंत्र काकीनाडा ( आंध्र प्रदेश) में स्थापित किया गया था

प्र. विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है?

YouTube Education सब्सक्राइब करें

(a) 21 मार्च (b) 16 सितंबर

(c) 25 अप्रैल (d) 5 जून

उत्तर- (b) विश्व ओजोन दिवस पूरे विश्व में प्रत्येक वर्ष 16 सितंबर को मनाया जाता है यह दिवस ओजोन संरक्षण के जागरूकता के लिए मनाया जाता है

प्र. सिल्वीकल्चर संबंधित है?

(a) वन एवं वन्य उत्पाद (b) सिल्क

(c) फूल (d) उर्वरक

उत्तर- (a) सिल्वीकल्चर के अंतर्गत वन एवं वन्य सामग्री का उत्पादन किया जाता है

प्र. निम्नलिखित में से किस जनपद में चंद्रप्रभा वन्य जीव अभ्यारण स्थित है?

(a) लखीमपुर खीरी (b) चंदौली

(c) लखनऊ (d) वाराणसी

उत्तर- (b) उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में चंद्रप्रभा वन्य जीव अभ्यारण स्थित है चंद्रप्रभा वन्य जीव अभ्यारण की स्थापना 1957 में हुई थी इस अभ्यारण में विभिन्न प्रकार के जीव जंतु पाए जाते हैं

प्र. निम्नलिखित में कौन द्वितीय श्रेणी का उपभोक्ता है?

(a) हाथी (b) सांप

(c) शेर (d) बकरी

उत्तर- (b) हाथी एवं बकरी प्रथम श्रेणी के उपभोक्ता है सांप द्वितीय श्रेणी का उपभोक्ता है जबकि शेर तृतीय श्रेणी का उपभोक्ता है

प्र. झूम खेती होती है?

(a) केरल में (b) बिहार में

(c) मेघालय में (d) तमिलनाडु में

उत्तर- (c) झूम खेती पर्वतीय एवं पठारी क्षेत्रों पर की जाती है यह अस्थाई कृषि पद्धति होती है तथा यह कृषि प्राय: पूर्वोत्तर भारत में की जाती है मेघालय, नगालैंड, मणिपुर आदि प्रमुख राज्य हैं

प्र. शुष्क बर्फ किसका ठोस रूप है?

YouTube
Education
सब्सक्राइब करें

(a) अमोनिया (b) कार्बन डाइऑक्साइड

(c) नाइट्रोजन (d) ऑक्सीजन

उत्तर- (b) शुष्क बर्फ कार्बन डाइऑक्साइड के ठोस रूप को कहते हैं

YouTube
Tez
Education
सब्सक्राइब करें